# वर्णमाला



**स्वर:** स्वरों की मात्राएँ लगाई जाती हैं।

| वर्ण | अ | आ | इ | ई | उ | ऊ | ऋ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मात्रा | | ा | ि | ी | ु | ू | ृ |

| वर्ण | ए | ऐ | ओ | औ | अं | अः |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मात्रा | े | ै | ो | ौ | ं | ः |

**व्यंजन:** व्यंजनों पर मात्राएँ लगाई जाती हैं।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क | ख | ग | घ | ङ |
| च | छ | ज | झ | ञ |
| ट | ठ | ड | ढ | ण |
| त | थ | द | ध | न |
| प | फ | ब | भ | म |

| | | | |
|---|---|---|---|
| य | र | ल | व |
| श | ष | स | ह |
| क्ष | त्र | ज्ञ | श्र |
| | ड़ | ढ़ | |







# स्वर-उच्चारण

## छोटी ध्वनि में बोले जाने वाले स्वर

| वर्ण | अ | इ | उ | ए | ऋ | ओ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मात्रा |  | ि | ु | े | ृ | ो |



छोटी ध्वनि वाले इन शब्दों को पढ़ें।

| वर्ण लिखकर | अब | इस | उस | एक | ऋचा | ओस |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मात्रा लगाकर | पर | पिन | कुल | नेक | कृषक | मोर |

## लंबी ध्वनि में बोले जाने वाले स्वर



| वर्ण | आ | ई | ऊ | ऐ | औ |
|---|---|---|---|---|---|
| मात्रा | ा | ी | ू | ै | ौ |

लंबी ध्वनि वाले इन शब्दों को पढ़ें।

| वर्ण लिखकर | आम | ईख | ऊन | ऐनक | औरत |
|---|---|---|---|---|---|
| मात्रा लगाकर | बाजा | सीख | खून | कैसा | रौनक |



**अध्यापन संकेत**

बच्चों से उपर्युक्त शब्दों को सही स्वर के साथ बार-बार दोहराने को कहें। ऐसे अन्य शब्द भी सिखाएँ।

# 'अ' की मात्रा



'अ' की मात्रा प्रत्येक व्यंजन के साथ जुड़ी रहती है, परंतु यह दिखाई नहीं देती है।



र + थ = रथ



फ + ल = फल



ह + ल = हल



क + म + ल

कमल



म + ट + र

मटर



ब + त + ख

बतख




श + ल + ग + म

शलगम



अ + च + क + न

अचकन



उ + प + व + न


उपवन

**अध्यापन संकेत**

'अ' की मात्रा प्रत्येक व्यंजन में निहित है, जैसे–क् + अ = क; स् + अ = स; ह् + अ = ह।



# कमल चल



कमल चल।

अब घर चल।

नल पर बरतन रख।

उधर बतख मत पकड़।

बरगद पर मत चढ़।

झटपट उठकर कसरत कर।

टमटम पर चढ़कर शहर चल।

## शब्द लहरी

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| नल | कल | जल | फल | हल |
| अब | कब | जब | तब | सब |
| नरम | गरम | शरम | परम | करन |
| गगन | जगन | लगन | मगन | सघन |
| अचकन | अनबन | बरतन | उपवन | गरदन |
| नटखट | करवट | पनघट | सरपट | खटपट |

**अध्यापन संकेत**

उपर्युक्त वाक्य एवं शब्द बच्चों से पढ़वाएँ। उनकी उच्चारण संबंधी त्रुटियों को दूर करें।



# 'आ' ा की मात्रा

'आ' ( ा ) की मात्रा व्यंजन के आगे लगाई जाती है।

| | | |
|---|---|---|
|  |  |  |
| ह + ा + थ<br>हाथ | न + ा + व<br>नाव | अ + ा + म<br>आम |
|  |  |  |
| ख + ा + न + ा<br>खाना | त + ा + ल + ा<br>ताला | म + ा + ल + ा<br>माला |
|  |  |  |
| ज + ह + ा + ज<br>जहाज | म + क + ा + न<br>मकान | ग + ा + ज + र<br>गाजर |

**अध्यापन संकेत**

बच्चों को बताएँ कि किसी व्यंजन में 'आ (ा)' की मात्रा लगाने के लिए उसे व्यंजन के आगे जोड़ते हैं। 'आ' लंबी ध्वनि में बोला जाने वाला स्वर है।

## राधा गाना गा





राधा आ।

गाना गा।

कमला बाजार जा।

पायल खाना खा।

राधा चावल खा।

कमला छाता ला।

पायल आग जला।

माता का काम कर।

माया मटका साफ कर।

राजा नाना का छाता ला।

### शब्द लहरी

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| पान | कान | खान | धान | दान |
| चना | कला | पड़ा | गला | सजा |
| काजल | घायल | पायल | चावल | दावत |
| कमाल | कपास | मकान | मचान | ढलान |
| भगवान | पकवान | बलवान | धनवान | अनजान |

**अध्यापन संकेत**

उपर्युक्त वाक्य एवं शब्द बच्चों से पढ़वाएँ। 'आ' (ा) का उच्चारण लंबी ध्वनि में बोलकर करवाएँ। मात्रा का शब्द के प्रारंभ, मध्य एवं अंत में प्रयोग पर विशेष ध्यान देने के लिए कहें।